# नए दाखिले हेतु नियमावली
# सत्र 2022-2023
# प्री नर्सरी एवं नर्सरी

1. सेंट फ्रांसिस उच्चतर माध्यमिक शाला, अमेरी रोड, बिलासपुर (छ.ग.) में सत्र 2022-2023 के लिए प्री-नर्सरी एवं नर्सरी में दाखिला हेतु पंजीयन प्रक्रिया दिनांक 01-12-2021 से प्रारम्भ हो रही है, जो कि केवल ऑनलाइन सिस्टम द्वारा संपादित होगी | विद्यार्थियों का चयन विशेष अंक प्रणाली के अंतर्गत होगा, जो कि विद्यार्थी द्वारा उसकी स्थिति अनुसार अर्जित अंको को प्रदर्शित करेगा | जिसकी वर्णित तालिका निम्नलिखित है :

| **कंडिका** | **अंक** |
|---|---|
| ईसाई अल्पसंख्यक श्रेणी | **40** |
| यदि विद्यार्थी के सगे भाई / बहन इसी शाला में वर्तमान में अध्ययनरत हो | **30** |
| एकल अभिभावक (विधवा / विधुर) | **10** |
| यदि अभ्यर्थी के माता / पिता इसी शाला से कक्षा १२वीं उत्तीर्ण हो | |
| पिता | **10** |
| माता | **10** |
| यदि किन्ही भी 2 या अधिक अभ्यर्थियों के अंक एक सामान आते है, तो जो छात्र आयु में बड़े है उन्हें वरीयता में उपरी क्रम पर रखा जाएगा | | |

2. प्रवेश अनुसूची
   ऑनलाइन पंजीकरण : 01.12.2021 से 31.12.2021
   सहायक दस्तावेजों के साथ हार्ड कॉपी जमा करना : 01.12.2021 से 01.01.2022 (समय 8.00 प्रातः- 01.00 अपरान्ह)
   ऑनलाइन पंजीकरण का बंद होना : 31.12.2021 (बुधवार)
   हार्डकॉपी सबमिशन का बंद होना : 01.01.2022 (शनिवार)
   परिणाम की तिथि : 15.01.2022 (शनिवार)
3. प्रवेश हेतु उम्र (जन्मतिथि इन तिथियो के बीच होनी चाहिये)
   कक्षा-प्री-नर्सरी : 28-12-2018 और 31-03-2020 के बीच जन्मे बालक / बालिका
   कक्षा- नर्सरी : 28-12-2017 और 30-06-2019 के बीच जन्मे बालक / बालिका
4. प्री-नर्सरी में दाखिला हेतु सुबह की पाली (09:00 बजे से 11:30 तक) में कुल 180 सीटें उपलब्ध हैं |
5. नर्सरी में दाखिला हेतु सीटें निम्नानुसार उपलब्ध है:
   a. सुबह की पाली (09:00 बजे से 12:15 तक) में कुल 120 सीटें उपलब्ध हैं |
   b. दोपहर की पाली (01:30 बजे से 04:45 तक) में कुल 50 सीटें उपलब्ध हैं |
      * 'F' सेक्शन के छात्र दोपहर पाली में एक वर्ष के लिए अध्ययन करेंगे. एक वर्ष पश्चात् अर्थात जब ये छात्र शिक्षा सत्र 2023-2024 मे कक्षा K.G-I मे प्रवेश करेंगे तब से ये छात्र सुबह की पाली में आयेंगे |
      * नर्सरी कक्षा के लिए, मेरिट सूची के अनुसार पहले 120 उम्मीदवारों को सुबह की पाली आवंटित की जाएगी और अगले 50 छात्रों को दोपहर की पाली में आवंटित किया जाएगा।
6. पंजीयन फॉर्म इन्टरनेट पर दिनांक 01-12-2021 से दिनांक 31-12-2021 तक उपलब्ध रहेगी |
7. पंजीयन हेतु अभिभावक को इन्टरनेट में शाला के वेबसाईट www.sfsbcampuscare.in पर लॉग-इन करना होगा |

8. आपको ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म को पूरी तरह से भरना होगा और बच्चे और दोनों माता-पिता की वर्तमान पासपोर्ट आकार की फोटो स्कैन कर अपलोड करनी होगी। इसके अलावा, बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र को स्कैन करके अनिवार्य रूप से अपलोड करें । कृपया ध्यान दें कि यदि विद्यार्थी की जन्मतिथि इच्छित कक्षा हेतु वर्णित आवश्यक आयु सीमा के अंतर्गत नहीं होगी तो फॉर्म स्वीकार / सबमिट नहीं होगा अभिभावक अपना चालू मोबाइल नंबर भी फॉर्म में उल्लेखित करें जिसका उपयोग अभ्यर्थी संबंधी जानकारी SMS द्वारा प्रेषित करने हेतु किया जाएगा |

   **नोट: - अनिवार्य अपलोड: (फ़ाइल का आकार 20 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए)। जन्म प्रमाण पत्र स्कैन की गई प्रतिलिपि के साथ बच्चे, पिता और मां की तस्वीर अपलोड किए बिना, पंजीकरण फॉर्म जमा नहीं किया जा सकता है ।**
9. अभ्यर्थी को पंजीयन हेतु शुल्क (रु 200/- + बैंक सेवा शुल्क) देय होगा जो कि ऑनलाइन प्रक्रिया (डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / नेट बैंकिंग) द्वारा किया जाना है |
10. ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म में सभी प्रविष्टी कर लेने एवं पंजीयन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात् पंजीयन फॉर्म एवं आवेदन की पावती का प्रिंट आउट निकाले. उसके पश्चात् फॉर्म के प्रिंटआउट के साथ नीचे उल्लेखित दस्तावेजों में से उपयुक्त दस्तावेजों के साथ दिनांक 01 दिसंबर 2021 से दिनांक 01 जनवरी 2022 तक (समय : 08:00 बजे सुबह से 01:00 बजे दोपहर तक) शाला कार्यालय के पास रखे गए ड्राप बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें |

    **आवश्यक दस्तावेजों की सूची : प्रत्येक आवेदन के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें |**

    1. जन्म प्रमाण पत्र (छाया प्रति)
       नगर पालिक निगम / नगरीय निकाय / ग्राम पंचायत द्वारा प्रदत्त |

    **वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची : प्रत्येक आवेदन के साथ तभी संलग्न करें यदि अभ्यर्थी उस श्रेणी का लाभ लेने हेतु पंजीयन फॉर्म में प्रविष्टी की है :-**

    2. ईसाई अल्पसंख्यक प्रमाणीकरण (पेरिश प्रीस्ट / पास्टर / चर्च इंचार्ज द्वारा प्रमाणीकरण कि अभ्यर्थी के अभिभावक उक्त चर्च के नियमित सदस्य हैं ) **[यदि ईसाई अल्पसंख्यक श्रेणी में आते है]**
    3. संस्था में अध्ययनरत सगे भाई / बहन के वर्तमान सत्र के पहचान पत्र (ID Card) / Gate Pass की छाया प्रति **[यदि अभ्यर्थी के सगे भाई / बहन इस शाला में अध्ययनरत है.]**
    4. कक्षा 12वीं पास का प्रमाण पत्र **[यदि माता / पिता / दोनों अभिभावक इस शाला से कक्षा 12वी उत्तीर्ण किये हो तो]**
    5. पति / पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र **[एकल अभिभावक श्रेणी के लिए]**

    *(कृपया ध्यान रखें कि पंजीयन फॉर्म की हार्ड कॉपी प्रिंटआउट के साथ उपर्युक्त दस्तावेज़ जमा नहीं किये जाते हैं अथवा पंजीयन फॉर्म में उल्लेखित तथ्य उनके दस्तावेजों से अलग अथवा गलत पायें जाते हैं तो अभ्यर्थी का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा इस स्थिति का पूर्ण उत्तरदायित्व उक्त अभ्यर्थी के अभिभावक का होगा |)*
11. ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रिंटआउट जमा करने के बाद समस्त आवेदनों एवं संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण करने के उपरांत दिनांक 15 जनवरी 2022, दिन शनिवार को प्राप्त अंको के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जायेगी | चयन सूची अंको के घटते क्रम (अधिकतम अंक से न्यूनतम अंक) में प्रदर्शित की जायेगी | छात्रों के अंकों के बराबर होने की स्थिति में आयु मे सबसे बड़े छात्र को योग्यता क्रम में वरीयता दी जाएगी |
12. चयनित अभ्यर्थियों की सूची शाला की वेबसाइट www.stfrancisbilaspur.in एवं शाला के सूचना पटल पर उपलब्ध रहेगी | चयनित अभ्यर्थियो को SMS/व्हाट्सप्प के द्वारा प्राचार्या / उप-प्राचार्या से आपसी परिचर्चा हेतु दिनांक एवं समय संबंधी जानकारी प्रेषित की जायेगी | उक्त दिवस पर अभिभावकों को सम्बंधित छात्र / छात्रा

के साथ SMS/व्हाट्सप्प द्वारा सूचित दिवस एवं समय पर शाला में उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा सीट आवंटन निरस्त माना जाएगा एवं सीट वरीयता क्रम के अगले अभ्यर्थी को सीट आवंटित कर दी जावेगी|

13. चयनित अभ्यर्थियों को SMS/व्हाट्सप्प द्वारा सूचित दिवस पर प्राचार्या / उप-प्राचार्या से आपसी परिचर्चा उपरांत प्रवेश संबंधी प्रक्रिया को उसी दिवस में संपन्न कराना होगा अन्यथा सीट आवंटन निरस्त माना जाएगा एवं सीट वरीयता क्रम के अगले अभ्यर्थी को सीट आवंटित कर दी जावेगी | **नोट**: कोविड -19 संक्रमण के परिणामस्वरूप यदि केंद्र/राज्य/जिला प्रशासन द्वारा लॉकडाउन अथवा अन्य प्रतिबंध लगाए जाने की स्थिति मे यह परिचर्चा गूगल मीट मे माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जाएगी |

**प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवश्यकताएँ**

1. विद्यार्थी का पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो – 1
2. विद्यार्थी के जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति
3. शाला शुल्क की प्रथम किश्त की राशि

14. चयनित अभ्यर्थियों को आपसी परिचर्चा उपरांत प्रवेश फॉर्म लेना होगा जिसका शुल्क रु 200/- अलग से देय होगा | प्रवेश फॉर्म को पूर्ण रूप से साफ़ शब्दों में प्रविष्टी एवं फोटो यथेष्ट स्थान पर लगाने के उपरांत, जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर निर्दिष्ट काउंटर पर जमा करें एवं फीस रसीद बुक प्राप्त करे | उसके उपरांत फीस काउंटर पर फीस का भुगतान कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें |

    **[प्रवेश फॉर्म शाला के बाहर ले जाना मना हैं]**

नोट : केवल पंजीयन प्राप्त करना ही विद्यार्थी को दाखिला पाना सुनिश्चित नहीं करता | अभिभावकों से निवेदन है कि पंजीयन करने से पूर्व वे नियमावली का पूर्ण रूप से अवलोकन कर लें एवं इन नियमो से पूर्ण रूप से संतुष्ट होने पर ही पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण करें |